# अध्यक्ष 'नीलम सिंह' ने किया 'मिशन सुरक्षा' का 'उद्घाटन'

## 14 सीसी कैमरों को सोलर सिस्टम से जोड़कर 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई



तेजयुग न्यूज

**बस्ती।** नगर पंचायत नगर कार्यालय पर मिशन सुरक्षा का उद्घाटन करती हुई अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने कहा कि अब कोई अपराध कर के बच नही पाएगा। नगर पंचायत के सभी भीड़ भाड़ वाले व्यस्त स्थानों और रास्तों को सीवी टीवी कैमरे से लैश कर दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 सीसी कैमरों को सोलर सिस्टम से जोड़कर 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत कार्यालय पर कन्ट्रोल यूनिट स्थापित किया गया है। अधिशाषी अधिकारी सुश्री कीर्ति सिंह ने कहा कि नगर पंचायत नगर को नागरिक सुविधाओं से जोड़ने की प्रक्रिया लगातार जारी है।

सुरक्षा और शांति के लिए यह महत्वपूर्ण पहल है। भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि नगर पंचायत को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में यह अच्छा कदम है। उन्होंने सक्षम व्यापारी बन्धुओं और आम नागरिकों से भी सुरक्षा की दृष्टि से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरे लगवाने की अपील किया। कहा कि सीसीटीवी लगने से पुलिस का कार्य भी आसान हो जाएगा। इस अवसर पर सभासद संजय सोनकर, विजय जायसवाल, राजेश पाण्डेय, राज कुमार चौधरी, राम सजन यादव, नियाज अहमद, विंदू लाल तुलसीराम, अखिलेश यादव, विजय सहनी, दिनेश चैरसिया, बिरेंद्र कुमार, यशराज के.के., संदीप कुमार, सत्यराम निशाद, देवेश धर द्विवेदी, राकेश पाण्डेय, भाजपा नेता डा अनिल श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह, धर्म प्रकाश श्रीवास्तव,, दिलीप शर्मा, शतीश मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

तेजयुग न्यूज

**ऊंचाहार/रायबरेली :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नगर के स्टेट बैंक के सामने इलेक्ट्रोल बांड की वेबसाइट उजागर न किये जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया और राहुल गांधी व सोनिया गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए और सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गए आदेश के पालन कराने की मांग की। विदित हो कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अभी हाल ही में बैंकों को आदेशित किया गया था कि चुनाव में राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे को उजागर किया जाये, जिसके लिए 6 मार्च की तिथि भी नीयत की गई थी।

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्पष्ट किया गया कि उन्हें जून महीने तक का समय चाहिये।जिसको लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों द्वारा इसका विरोध किया गया। गुरुवार को नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के सामने इलेक्ट्रोल बांड वेबसाइट उजागर न किये जाने के विरोध में दर्जनों कांग्रेसियों ने ब्लाक अध्यक्ष शम्भू शरण पाल की अगुवाई में बीजेपी सरकार के प्रति विरोध जाहिर करते हुए बैंक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधन को मोदी का गुलाम बताया।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मेहंदी हसन ,भीषम सिंह, इरफान मेहंदी, रेखा विश्वकर्मा, मो आजम अरुण प्रताप सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी शहनाज बानो, कृष्ण मूर्ति शुक्ला समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मेला में उमड़े लोग

# उपचार के साथ मिली स्वास्थ्य योजनाओं की पूरी जानकारी

## स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन विभाग द्वारा किया जाता है

मोहमद रईस



**पचपेड़वा (बलरामपुर) :** विकास खंड पचपेड़वा में स्थित थारू विकास परियोजना के परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। उन्होंने बताया कि जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन विभाग द्वारा किया जाता है।

स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य संबंधी स्टॉल लगाए गए थे। लोगों को विभिन्न तरह की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य मेले में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख, कान, नाक एवं गले की जांच की सुविधा मुहैया कराई गई। इसके अलावा दंत चिकित्सा, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच की सुविधा भी उपलब्ध रही। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा डॉ. विजय कुमार ने बताया कि आज आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 565 जनरल मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें टी बी के दस मरीज , चर्म रोग के 17 मरीज , नेत्र रोग के 40 मरीज बी पी एवम् शुगर के 75 मिले।

स्वास्थ्य मेले में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा डॉ. विजय कुमार, चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंसडी डॉक्टर अरविंद कुमार, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर डॉ सुमन सिंह चौहान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी पी सिंह, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला लेखा प्रबंधक प्रभात मौर्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विनोद त्रिपाठी ,डॉ गयासुद्दीन, डॉ अवधेश चौधरी ,डॉ महताब आलम, डॉ मसूद अहमद तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के सी एच ओ,एएनएम तथा आशाएं व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# समूह विवाह योजना अंतर्गत 68 जोड़े विवाह बंधन में बंधे



आलोक गुप्ता

**उतरौला (बलरामपुर) :** गुरुवार को ब्लॉक परिसर में सामूहिक विवाह योजना के तहतशादी में शहनाई गूंजी ।68 विवाहित जोड़ों ने एक साथ रहने की कसमें खाई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के दौरान रेहरा 29, गैंड़ास 01, श्रीदत्तगंज 11, बलरामपुर 13, उतरौला11 विकास खंड व नगर पालिका 03 सहित कुल 68 नव विवाहित जोड़ों ने विवाह मंडप में एक दूसरे के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया। जिसमें 04 मुस्लिम जोड़ों का भी निकाह कराया गया। विधायक प्रतिनिधि सुनीता वर्मा ने नव दंपत्तियों के सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें शासन से मिली किट प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि निर्धन परिवारों के समक्ष विवाह में आने वाली कठिनाईयों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह कराने की योजना बनाई है जो पूरे प्रदेश में एक समान रूप से सभी वर्गो के लिए चलाई जा रही है। भाजपा विधानसभा प्रभारी सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार हर परिवार की योग्य विवाहित बालिकाओं की शादी के लिए हर संभव अनुदान व गृहस्थी सजाने के आवश्यक सामान देकर उन्हें सुखमय जीवन बिताने का अवसर दे रही है और नव विवाहिताओं के खाते में पैंतीस हजार की रकम ट्रांसफर कर रही है।

इस शुभ घड़ी में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्त, रमेश जायसवाल, कृष्ण कुमार, बीडीओ सुमित सिंह ने आए हुए मेहमानों को सरकार की उपलब्धियां यह बताई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र वर्मा, जयप्रकाश चौरसिया, राजेश कुमार वर्मा का सहयोग सराहनीय रहा। नवविवाहित परिवारों के लिए भोजन व जलपान की भी व्यवस्था कराई गई थी।

# श्रावस्ती लोस के भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र के प्रथम आगमन पर जगह जगह भव्य स्वागत

तेजयुग न्यूज

**बलरामपुर :** लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती सीट से 2024 चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बनाये जाने पर साकेत मिश्रा का लोकसभा क्षेत्र में प्रथमङ्कआगमन पर जगह जगह भव्य स्वागत हुआ। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र बलरामपुर जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी,लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव,लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडे, सदर विधायक पल्टू राम,तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला,जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष आदरणीय धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू,जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,ब्लाक प्रमुख गैण्डास बुजुर्ग राकेश तिवारी,ब्लाक प्रमुख मनोज तिवारी व पार्टी पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# ऊंचाहार विधायक ने जनादेश के साथ किया छलावा : अतुल सिंह

## कहा, जरा भी नैतिकता होती तो जनादेश का करते सम्मान, पहले विधानसभा सदस्यता से देते इस्तीफा

तेजयुग न्यूज



**रायबरेली।** विधान सभा ऊंचाहार की जनता को कभी महामूर्ख की संज्ञा देने वाले सपा विधायक ऊंचाहार मनोज कुमार पांडे जिन्होंने खुलेआम देश के प्रधानमंत्री का मजाक उड़ाते हुए स्थानीय जनता को महामूर्ख का हवाला दिया था आज भला वह किस मुंह से उसी जनता को अपना परिवार बता रहे हैं।

उक्त बातें कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्यासी अतुल सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विडंबना तो यह कि जिस पार्टी के खिलाफ मत करने को लेकर सपा विधायक ने जनता को मूर्ख बताया था आज उसी पार्टी के लिए उसी महा मूर्ख जनता से कैसे मत करने की अपील करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि ऐसी दोगली राजनीति को यहा की जनता समझ चुकी है, जनता अब जान चुकी है कि निजी लाभ के लिए सपा विधायक ने मौके का लाभ उठा कर पाला बदल लिया है।

उन्होंने विधायक पर सवाल खड़ा करते हुए कि विगत विधानसभा चुनाव में ऊंचाहार निर्वाचन क्षेत्र की जनता ने समाजवादी पार्टी के पक्ष जनादेश दिया था उस जनादेश का मनोज कुमार पांडे द्वारा अपमान किया गया जबकि उसी जनादेश के बदौलत ही राज्यसभा में वोट देने का हक उन्हें प्राप्त हुआ था। उनके अंदर जरा भी नैतिकता होती तो उस जनादेश का सम्मान करते हुए पहले वह विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देते और अपने पसंदीदा दल से पुनः जनादेश हासिल करते।

लेकिन ऐसा उन्होंने नहीं किया नतीजा ऊंचाहार की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है। जिले की जनता सिर्फ और सिर्फ सोनिया गांधी और राहुल व प्रियंका के साथ है जनता साफ तौर पर समझ रही है कि गांधी परिवार से ही विकास संभव है। शायद यही वजह है कि आज जिले की जनता एक स्वर में प्रियंका गांधी को यहां से चुनाव लड़ने के लिए अपील कर रही है।

# लगभग 55 क्विंटल खादान्न का हेरा फेरी करने वाले कोटेदार पर नहीं हुई कार्यवाही

शाहिद हुसैन

**सादुल्लाहनगर (बलरामपुर ) :** 54 कुंतल 39 किलो ग्राम खाद्यान व 27 किलो ग्राम चीनी अंत्योदय कार्डधारकों का पूर्व कोटेदार अमृता देवी पत्नी रामकुमार निवासी ग्राम नथईपुर कानूनगो के राशन की दुकान की जांच के दौरान खादान्न वितरण में गबन पाए जाने के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने कोटेदार के विरुद्ध न तो कोई विधिक कार्यवाही की और न ही गबन किए गए खाद्यान की रिकवरी ही करायी । इसको लेकर कार्ड धारकों में गहरा आक्रोश है।

विदित हो कि विकास खंड रेहरा बाजार के ग्रामपंचायत नथईपुर कानूनगो की पूर्व कोटेदार अमृता देवी द्वारा बराबर राशन वितरण मे कार्ड धारकों के साथ अनियमितता व बदसलूकी की जा रही थी जिससे परेशान होकर कार्ड धारकों ने अनेकों बार विभागीय अधिकारियों सहित जिलाधिकारी से शिकायत की । जिलाधिकारी ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए विभागीय अधिकारियों को कोटेदार के राशन की दुकान की जांच कर विधिक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया । जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने काफी जद्दोजेहद के बाद जांच कर शिकायत सही पाए जाने पर राशन की दुकान को निलंबित करके बगल नेवादा के कोटेदार कुटबुल्ला से संबद्ध कर दिया परंतु पूर्व के कोटेदार अमृता देवी द्वारा गबन किया गया राशन रिकबरी कराकर संबध कोटेदार को नहीं दिलाया गया जिसके कारण कोटेदार कुतबुलला द्वारा सुचारु रूप से काड धारकों को राशन वितरण नही किया जा रहा है। किसी माह में 250 कार्ड धारकों के सापेक्ष 120 कार्ड धारकों को व किसी माह में 140 कार्ड धारकों को ही राशन वितरण किया जाता है। जानकारी लेने पर कोटेदार द्वारा बताया गया कि मुझे जितना राशन मिलता है उतने कार्ड धारकों को वितरण कर देता हूं। विभाग द्वारा मुझे संपूर्ण कार्ड धारकों का राशन पूर्ति कराया जाय जिससे मै सुचारु रूप से सभी कार्ड धारकों को राशन वितरण कर सकुं। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी से जानकारी लेने पर बताया गया कि उपजिलाधिकारी उतरौला द्वारा अभी तक जांच रिपोर्ट प्रेषित नही की गई है।

# महाशिवरात्रि के दृष्टिगत दुखः हरण नाथ व पृथ्वीनाथ मंदिर का एसपी ने किया भ्रमण

## सुरक्षा का इन्तजाम देखा, मन्दिरों व जूलूसों की सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम

कौशल पाण्डेय /तेज युग न्यूज





**गोण्डा ।** आज पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टीगत दुखःहरण नाथ मन्दिर थाना कोतवाली नगर व पृथ्वीनाथ मन्दिर थाना खरगूपुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने तथा मन्दिरों व जूलूसो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत एसपी द्वारा बताया गया की जनपद के सभी शिवालयों का अधिकारीगण द्वारा आज ही भ्रमण कर स्थितियों का जायजा ले लें तथा स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर लें। समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सभी धर्मगुरूओं, आयोजको, शान्ति समीतियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर ले। सभी संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाये। दुखहरण नाथ व पृथ्वीनाथ मन्दिर सहित जनपद के सभी शिवालयों में शिवारात्रि मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंदिर पर भीड़ भाड़ रहेगी महाशिवरात्रि मेले में नदी/घाटों से दर्शनारार्थी जल लेकर जाएगें, नदी/घाटों पर बैरिकेटिंग तथा गोताखोर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों, बीट कर्मियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया । गैर परम्परागत आयोजन की अनुमति न दी जाये , तथा पूर्व से निर्धारित रास्ते से ही पर्याप्त पुलिस बल के साथ जूलूस निकाली जाये। सभी शिवालयों पर वर्दी व शादे वस्त्र में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाये। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में त्त्क्र्ब्ल के साथ पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाये।



महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कॉवड़ मार्गों पर उचित दूरी पर पुलिस पिकेट/गस्त, फुट पेट्रोलिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा यूपी 112 के वाहनों को भी आवश्यकतानुसार रूट चार्ट बना कर व्यवस्थापन करा लिया जाये। वैकल्पिक मार्गो का चिन्हीकरण करते हुए ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था समय से पूर्ण कराते हुए तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पीए सिस्टम की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाये तथा कांवड़ के मार्गो व धार्मिक स्थलों के आस-पास पोस्टर पार्टी को सकिय रखा जाये। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों/कर्मचारियों को सामयिक सूचना के प्रति और अधिक सतर्क कर दिया जाये तथा प्रत्येक छोटी सी छोटी सूचना को गम्भीरता से लेते हुये तत्परतापूर्वक यथोचित विधिक कार्यवाही की जाये। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की मानिटरिंग की जाये तथा सतर्क दृष्टि रखी जाये।

# नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को 03 वर्ष की सजा, 11,500 जुर्माना

**गोण्डा ।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कन्विक्शन' जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा प्राथमिकता से करते हुए प्रभावी पैरवी करायी जा रही थी। जिसके फलस्वरूप नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी आदर्श कुमार पाण्डेय उर्फ नन्दलाल पुत्र चिंतामणि पाण्डेय निवासी ग्राम अशरफाबाद रामनगर थाना मनकापुर जनपद गोण्डा को 03 वर्ष का कठोर कारावास व रु0 11,500/- रूपये के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में अभियुक्त 01. आदर्श कुमार पाण्डेय उर्फ नन्दलाल पुत्र चिंतामणि पाण्डेय निवासी ग्राम अशरफाबाद रामनगर थाना मनकापुर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। शासकीय अधिवक्ता, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल व थाना कोतवली मनकापुर के पैरोकार हेड का0 मधुसूदन गौड़, कोर्ट मोहर्रिर का0 सौरभ प्रताप सिंह के द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप उक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश गोण्डा/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट द्वारा अभियुक्त आदर्श कुमार पाण्डेय उर्फ नन्दलाल को 03 वर्ष की कठोर कारावास व 11,500/- रूपये की अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में छात्र-छात्राओं को बांटे गए टैबलेट व स्मार्टफोन



तेजयुग न्यूज

**बलरामपुर :** एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण स्नातक व परास्नातक छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किये गए टैबलेट व स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

टैबलेट /स्मार्टफोन वितरण समारोह का शुभारंभ सदर विधायक पलटू राम , मुख्य नियंता प्रो0 पी0 के0 सिंह ने दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। लाभान्वित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित करके तकनीकी रूप से सशक्त बनाना चाहती है। अब यह आने वाले कल के भविष्य को सोचना होगा कि इसका सकरात्मक प्रयोग करके अपने माता पिता के सपनों को साकार करें और एक बेहतर कल की ओर अग्रसर हों। इस योजना के अंतर्गत ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, में अध्ययनरत विद्यार्थियों को टैबलेट और स्मार्टफोन प्रदान किया जा रहा है ताकि सभी ऑनलाइन शिक्षा लेने के साथ ही साथ ऑनलाइन नौकरी खोजने जैसी अन्य सुविधाओं का लाभ भी ले सकें।

वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो0 एस पी मिश्र, विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र डॉ दिनेश कुमार मौर्य, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ,विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ एस के त्रिपाठी व डॉ सुनील कुमार शुक्ल ने सभी का माल्यार्पण करके स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के तहत महाविद्यालय को बीए, बीएससी, बीकॉम व बीबीए के लिए 1604 स्मार्टफोन तथा एम ए शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, भूगोल व राजनीति शास्त्र के लिए 208 टैबलेट प्रदान किये गए थे। इस अवसर पर प्रो. अरविंद द्विवेदी, प्रो. मोहिउद्दीन अंसारी, डॉ सद्गुरु प्रकाश, डॉ अभिषेक सिंह, अभिजीत पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।